RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के
अब 14 वें वर्ष की ओर
पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

हो जाओ सावधान



वर्ष-13 अंक-261 | अम्बिकापुर, गुरूवार, 04 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# जिला बदर कार्यवाही

## 26 मार्च 2024 सरगुजा

## जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन की जी तोड़ मेहनत आखिर रंग लाई

**छत्तीसगढ़ की साथापाना 01/11/2000 को हुई, पूरे 23 वर्ष के इतिहास में पहली बार पत्रकारिता पर हथौड़ा चलाते हुए किसी पत्रकार को जिला बदर की कार्यवाही का सामना करना पड़ा है।**

एक तरफ छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय पत्रकारों को न्याय दिलाने की बात करते हैं, दूसरी ओर उन्ही के सरकारी अफसर उनके मंसूबे को नाकामयाब करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, आखिर किसके इशारे पर, यह मान लिया जाए की सत्ता बदल गई पर सरकार आज भी कांग्रेस के इशारे पर चल रही है।




रामदास आठवले
RAMDAS ATHAWALE

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

DO No:VIP/MOS-SJE(RA)/2024/ 3036A

February 07th 2024

Dear Shri Vishnu ji

Kindly find enclosed a copy of representation, which speaks for itself, dated the 19th December, 2023 from Shri Vijay Prasad Gupta, National Secretary, RPI, 26, Viveka Nand Colony, Jashpur, Chattisgarh regarding the attacks on journalists of Chattisgarh and fake FIR made. The ten names & their mobile numbers of journalists are mentioned in their letter also.

I shall be grateful if you could kindly advise the concerned official to take necessary action in this regard.

With kind regards,

Yours sincerely,
7.2.24
(RAMDAS ATHAWALE)

Shri Vishnu Deo Sai
Chief Minister, Chattisgarh
Government of Chattisgarh
CM Secretariat, Mantralaya
Raipur -492001

---

रामदास आठवले
RAMDAS ATHAWALE

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

अ.प. 3036 वी.आई.पी./एमओएस(एसजेई)आरए/2024
07 फ़रवरी, 2024

प्रिय श्री विजय जी,

कृपया इस पत्र के साथ श्री विजय प्रसाद गुप्ता, "राष्ट्रीय सचिव" आर.पी.आई. (आठवले) एवं अभिषेक वर्मा, "छतीशगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं छतीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष" आर. पी. आई. (आठवले), का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसका मूल प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

श्री विजय प्रसाद गुप्ता के अनुसार छतीसगढ़ के पत्रकारों में सरगुजा से श्री जितेंद्र कुमार जायसवाल तथा रायपुर के सुनील नामदेव पर झूठे मुकद्मे एवं इनकी जान को खतरा भी है, जितेंद्र कुमार जायसवाल पर 11 झूठे मुकदमें एवं न्यायिक अभिरक्षा में जानलेवा हमला सहित जमानत से छूट के आने के बाद भी जानलेवा हमला हो चुका है। लेकिन पुलिस ने किसी भी जानलेवा हमले में एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

इन्होंने संलग्न पत्रकारों की सूची को ध्यान में रखकर इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही इनके विरुद्ध दर्ज सुनियोजित प्रकरणों पर उच्च स्तरीय जाँच हेतु समिति गठित करवाने का निवेदन किया है। पत्र स्वतः स्पष्ट वर्णित है।

उक्त के आलोक में नियमानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करे तथा अवगत कराये।

सादर ।

आपका,
7.2.24
(रामदास आठवले)

श्री विजय शर्मा
माननीय गृह राज्य, छतीसगढ़
छतीसगढ़ सरकार,
सिविल लाइन रायपुर,
छतीसगढ़ - 492001

सबका साथ, सबका विकास | सबका विश्वास, सबका प्रयास

Room No. : 101, 'C' Wing, Shastri Bhawan, Dr Rajender Prasad Road, New Delhi-110001, Tel. : 011-23381656, 23381657, Fax : 011-23381669

---

रामदास आठवले
RAMDAS ATHAWALE

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

अ.प. 2868 वी.आई.पी./एमओएस(एसजेई)आरए/2024
30th जनवरी, 2024

प्रिय श्री विष्णु जी,

कृपया इस पत्र के साथ श्री विजय प्रसाद गुप्ता का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसका मूल प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

श्री विजय प्रसाद गुप्ता के अनुसार छतीसगढ़ के क्रांतिकारी पत्रकारों में से सर्गज से जितेंद्र कुमार जायसवाल तथा रायपुर के सुनील नामदेव पर झूठे मुकद्मे एवं इनकी जान को खतरा भी है, जितेंद्र कुमार जायसवाल पर 11 झूठे मुकदमें एवं न्यायिक अभिरक्षा में जानलेवा हमला सहित जमानत से छूट के आने के बाद भी जानलेवा हमला हो चुका है। लेकिन पुलिस ने किसी भी जानलेवा हमले में एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

इन्होंने संलग्न पत्रकारों की सूची को ध्यान में रखकर इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही इनके विरुद्ध दर्ज सुनियोजित प्रकरणों पर उच्च स्तरीय जाँच हेतु समिति गठित करवाने का निवेदन किया है। पत्र स्वतः स्पष्ट वर्णित है।

उक्त के आलोक में नियमानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करे तथा अवगत कराये।

सादर ।

आपका,
30.1.2024
(रामदास आठवले)

श्री विष्णु देव साई
माननीय मुख्यमंत्री, छतीसगढ़
छतीसगढ़ सरकार,
सिविल लाइन रायपुर,
छतीसगढ़ - 492001

सबका साथ, सबका विकास | सबका विश्वास, सबका प्रयास

Room No. : 101, 'C' Wing, Shastri Bhawan, Dr Rajender Prasad Road, New Delhi-110001, Tel. : 011-23381656, 23381657, Fax : 011-23381669

# आत्मानंद स्कूलों में 10 अप्रैल से शुरू होगा एडमिशन

## आत्मानंद स्कूलों में 10 अप्रैल से शुरू होगा एडमिशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम में प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू हो रही है। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय से निर्देश जारी कर दिया है। जारी निर्देश के अनुसार सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं के एडमिशन के लिए सेजेस पोर्टल से शुरू की जाएगी। इसके लिए प्रवेश के लिए आवेदन 10 अप्रैल से पांच मई तक कर सकते है। इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यम से किया जा सकेगा। एक विद्यार्थी एक विद्यालय के लिए ही आवेदन कर सकेगा। इधर, ज्यादा आवेदन आने की स्थिति में लाटरी के माध्यम से सीट आबंटन पांच से 10 मई तक किया जाएगा। वहीं एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्रवाई 11 से 15 मई के बीच में किया जाएगा। बता दें कि प्रदेश 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम संचालित है। इसी तरह 348 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय संचालित है।




### इन चीजों का रखना होगा ध्यान

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पहले से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के 152 प्राथमिक और 153 पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को कक्षा छठवीं और कक्षा नवमीं में प्राथमिकता से एडमिशन दिया जाएगा। महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा। एडमिशन के लिए आवेदन पत्र साथ ही पालक की मृत्यु प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जाएगा। बालिकाओं की पर्याप्त संख्या नहीं मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश दिया जाएगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। कुल रिक्त पदों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लाटरी सिस्टम से होगा। यानी कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जाएगा। रिक्त सीट के विरूद्ध अधिक पात्र आवेदक होने पर लाटरी से चयन किया जाएगा। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु 31 मई 2024 की स्थिति में पांच साल छह माह से छह साल छह माह के मध्य होनी चाहिए।

## चुनाव कार्य में लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई

# 24 कर्मचारियों को थमाया नोटिस

**कवर्धा।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले के संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य चल रहा है. मतदान दलों के प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए 24 कर्मचारियों को प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान दलों में प्रधान पाठक व्याख्याता सहायक शिक्षक सहायक ग्रेड-2 सहायक ग्रेड-3 सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित अन्य कार्यालयीन स्टाफ को नोटिस जारी किया गया है. इस संबंध जानकारी देते हुए सीईओ जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि स्वामी करपात्री उच्चतर माध्यमिक शाला कवर्धा में गत दिनों दो पालियों में मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था. जिसमें अलग-अलग श्रेणी के 24 कर्मचारी प्रशिक्षण में उपस्थित नही हुए जबकी उन्हें पूर्व से सूचना दी गई थी। अनुपस्थित कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत कार्य करते हुए शासकीय कार्यों में उदासीनता लापरवाही एवं कदाचरण के आरोप में स्पष्टीकरण जारी किया गया है। यदि जवाब समाधान कारक नहीं पाया जाता है तो इनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी क्योंकि निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छाचारित एवं लापरवाही की गई है।





# ...तो इवीएम की जगह बैलेट पेपर से होगा लोकसभा चुनाव!

### जमीन पर दिख रहा पूर्व सीएम भूपेश बघेल का मास्टर प्लान, राजनांदगांव से एक दिन में 200 से अधिक ने खरीदे नामांकन पत्र

**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है. सियासी दल जाल बुनने में लग गए हैं. नेता वो हर फार्मूले की तलाश में हैं, जो उन्हें जीत के करीब लेकर जाएं. ऐसा ही एक फार्मूला पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कुछ दिनों पहले अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिया था. भूपेश बघेल ने खुले मंच से कार्यकर्ताओं से कहा था कि, चुनाव ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से हो सकते हैं. इन सबके बीच राजनांदगांव लोकसभा सीट में एक दिन में 200 से अधिक लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है. ऐसे में ये माना जा रहा है कि बैलेट पेपर से लोकसभा चुनाव कराने की मंशा है।

बता दें कि, बुधवार यानी 3 अप्रैल को राजनांदगांव लोकसभा सीट से 210 लोगो ने नामांकन फार्म खरीदा है. कल 4 अप्रैल को नामांकन का आखरी दिन है. इस सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है. ऐसे में नामांकन भरने की अंतिम डेट से पहले लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए फार्म लेने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में लम्बी लाइन देखने को मिली. जानकारी के अनुसार, अब तक 19 आवेदन चुनाव आयोग में प्रत्याशियों ने जमा करवा दिया है। जानकारी तो ये भी सामने आ रही है कि भूपेश बघेल ने 400 से अधिक नामांकन भरवाने की रणनीति बनाई है. ऐसे में कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा नामांकन फार्म खरीदने को कहा गया है. इतना ही नहीं भूपेश बघेल ने दुर्ग के कार्यकर्ताओं से भी यही बात कही है. दरअसल, कुछ दिनों पहले पाटन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दुर्ग जिले के पाटन से विधायक और राजनांदगांव से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया था. भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं से कहा था कि, चुनाव ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से हो सकते हैं. लेकिन इसके लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को तैयार रहना होगा. सभी कार्यकर्ता चुनाव के लिए नामांकन करेंगे तो ईवीएम की संख्या कम पड़ जाएगी और ऐसे में यदि एक सीट से 384 से अधिक प्रत्याशी हुए तो वहां चुनाव ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव होगा. ऐसे में कांग्रेस की जीत निश्चित है।







## 5 'न्याय' और 25 गारंटी वाला होगा कांग्रेस का घोषणा पत्र

### कांग्रेसी घर-घर बांटेंगे गारंटी कार्ड, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए है खास प्लान

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जिस चुनावी घोषणापत्र के साथ उतरने जा रही है वो पार्टी के पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' की घोषणा पर आधारित होगा. जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, 'आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा से घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की. कांग्रेस कार्यकर्ता अगले कुछ हफ्तों में पूरे भारत में 8 करोड़ परिवारों को ये गारंटी कार्ड्स वितरित करेंगे, जो 14 अलग-अलग भाषाओं में प्रिंट किए गए हैं।' उन्होंने आगे लिखा कि प्रत्येक गारंटी कार्ड में ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी द्वारा घोषित पार्टी की 5 न्याय और 25 गारंटी का विवरण है. कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय ड्ड 'हिस्सेदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय' पर आधारित होगा. पार्टी ने 'युवा न्याय' के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है. पार्टी ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की 'गारंटी' दी है. 'किसान न्याय' के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन और जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है.

# चरणदास महंत के बयान पर बिफरे सीएम विष्णुदेव साय

## कहा - पहली लाठी मुझे मारे, प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी अशोभनीय और शर्मनाक



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर दिए गए अमर्यादित बयान के लिए मैं डॉ. चरणदास महंत और कांग्रेसियों से कहना चाहता हूं कि अगर उनमें हिम्मत है तो मैं भी मोदी परिवार का सदस्य हूं, पहली लाठी मुझे मारे. कांग्रेसियों ने पहले भी पीएम मोदी को चौकीदार चोर है कहा था, जिसका जवाब देश की जनता ने अच्छे से दिया था. कांग्रेस के इस घटिया बयान का करारा जवाब जनता ही फिर से देगी. यह बात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज महासमुंद दौरे के दौरान कही। महासमुंद में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस से खुद को लाठी से मारने की चुनौती देते हुए कहा कि चरणदास महंत का देश के प्रधानमंत्री के ऊपर दिया गया बयान बहुत ही शर्मनाक है. इसकी हम कड़ी भर्त्सना करते हैं।

गौरतलब है कि चरणदास महंत ने राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नामांकन सभा के दौरान प्रधानमंत्री के विरुद्ध टिप्पणी करते हुए कहा था कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ कोई लाठी लेकर खड़ा हो सकता है तो वो भूपेश बघेल हैं, हम लोगों को लाठी चलाने वाला, नरेंद्र मोदी के सिर को फोड़ने वाला आदमी चाहिए, जो भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव ही कर सकते हैं। सीएम साय ने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि पीएम मोदी के पहले कार्यकाल में मुझे उनके साथ पूरे 5 साल एक सांसद और राज्यमंत्री के रूप में काम करने का अवसर मिला. प्रधानमंत्री ने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों के लिए समर्पित है. उन्होंने पहले 5 साल के कार्यकाल में गरीबों के हित के लिए काम किया. पूरे दस साल के शासन में नरेंद्र मोदी ने देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबको समृद्ध बनाया. इसलिए आप सभी से मैं अशीर्वाद मांगने आया हूं कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महासमुंद लोकसभा से बहन रूपकुमारी चौधरी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजें और प्रदेश की पूरी 11 की 11 सीटें भाजपा की झोली में डालें। विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही हमने मोदी की गारंटी में जो प्रमुख वादा था उसको सांय-सांय पूरा किया और सभी काम को सांय-सांय कर रहे हैं, जिससे कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है. कांग्रेस में भगदड़ मची है, उनके लोग पार्टी छोड़ रहे हैं और भाजपा में शामिल हो रहे हैं. लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का बाय-बाय करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कोयला, शराब, रेत, जमीन सब में भ्रष्टाचार किया. दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के ऊपर महादेव सट्टा एप को निरन्तर चलाने के लिए 508 करोड़ रुपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगा, उन पर एफआइआर हुआ. कांग्रेस की सरकार ने 18 लाख गरीबों के आवास का पैसा खा दिया, गरीबों का मकान अधूरा का अधूरा रह गया. किश्त रुकने से 5 साल तक उनका मकान नहीं बन पाया, लेकिन हमने सरकार में आते ही वादे के अनुरूप 18 लाख पीएम आवास के लिए राशि जारी कर दी है। आज की सभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री टंकराम वर्मा, लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर, सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, विधायक भावना बोहरा, खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिन्हा, सम्पत अग्रवाल और अनुज शर्मा उपस्थित थे।

### कांग्रेस से भाजपा में आने वालों का लगा तांता

आज महासमुंद में नामांकन से पहले मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेसियों की होड़ दिखी. महासमुंद जिला पंचायत की अध्यक्ष रही उषा पटेल, पूर्व में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष और महासमुंद नगर पालिका की अध्यक्ष रही अनिता रावटे, महासमुंद नगर पालिका के उपाध्यक्ष रहे हरबंश सिंह ढिल्लों, पिथौरा नगर पंचायत के 4 बार के अध्यक्ष रहे देव सिंह निषाद, महिला नागरिक बैंक की अध्यक्ष रही अरुणा शुक्ला, जनपद पंचायत महासमुंद के पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र पटेल का नाम बीजेपी में शामिल होने वालों में प्रमुख रहा।

### कबीर पंथ के संत देवकर साहेब भाजपा में शामिल

राष्ट्रीय संत गुरु असंग देव के शिष्य देवकर साहेब, जो कबीर पंथ के सन्यास परम्परा के संत हैं, उन्होंने भी अपने एक हजार साथियों के साथ भाजपा में प्रवेश किया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ महंत के विवादास्पद बयान पर भाजपा आक्रामक

## जारी किया 'मैं हूं मोदी का परिवार' का पोस्टर

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा विवादास्पद बयान देने के दूसरे दिन ही भाजपा ने पूरा मोर्चा खोल दिया है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को भाजपा का पोस्टर लांच किया जिसमें लिखा है 'मैं हूं मोदी का परिवार, पहली लाठी मुझे मारो।




उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया के सामने पोस्टर जारी करते हुए कहा कि भाजपा पोस्टर के जरिए जनता तक मुद्दे को ले जाना चाहती है. मोदी और जनता से माफी मांगने की अपील की गई है. इसके साथ चुनाव आयोग से भी माफी मांगनी चाहिए. महंत ने सामूहिक रूप से हिंसा फैलाने के लिए प्रेरित किया है. जब-जब ऐसे बयान आए हैं मोदी जी के लिए जनता का प्रेम बढ़ा ही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जो वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष हो और दिग्गज नेता हो, अगर वह यह कहें कि जो मोदी का सिर फोड़ेगा, उसे जिताओ. देश के प्रधानमंत्री के बारे में इस तरीके का बयान अशोभनीय है. चुनाव आयोग से आग्रह है कि उन पर कार्रवाई होनी चाहिए, यह आचार संहिता का उल्लंघन है। विजय शर्मा ने कहा कि पहले भी चाय वाला नीच राजनीति करने वाला कहा गया है. यहां तक उनके व्यक्तिगत जीवन पर भी सवाल उठाए गए. आज सिर फोड़ने की बात कही जा रही है. लोकतांत्रिक मान-मर्यादाओं के साथ इस चीज का विरोध किया जाएगा. बयान के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हंस रहे थे. नेताओं के अपील में ताकत होती है, ऐसा नहीं किया जाना चाहिए।

## चरणदास महंत के विवादित बयान पर भाजपा ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत, तत्काल कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी पर की गई अभद्र और विवादित टिप्पणी को लेकर भाजपा संगठन के पदाधिकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे. जहां भाजपा ने निर्वाचन आयोग से नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के खिलाफ शिकायत की और मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की।भाजपा संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने



कहा कि नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बयान पर की गई शिकायत. पूर्व विधानसभा अध्यक्ष संवैधानिक पद में रहे हैं लेकिन संवैधानिक पदों का सम्मान नहीं करते. कांग्रेस सभा में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हिंसा के लिए भड़का रहे. हेट स्पीच के खिलाफ शाम तक कार्रवाई करने की मांग की गई है. जनता के बीच जनता के न्यायालय में इस मुद्दा को लेकर जाएंगे. इस बयान के विरोध में पुतला दहन किया जाएगा और एफआईआर दर्ज कराई जाएगी. साथ ही संजय श्रीवास्तव ने कहा कि अपने घर की लड़ाई अपने घर में रखे। बता दें कि मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए प्रचार करने राजनांदगांव गए थे. इस दौरान वे एक के बाद एक विवादित बयान देने लगे. पीएम मोदी को लेकर उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ लाठी पकड़ने वाला, मुड़ फोड़ने वाला आदमी चाहिए, और ये आदमी भूपेश बघेल हो सकते हैं, देवेंद्र यादव हो सकते हैं. इन्हें जीताकर दिल्ली भेजिए. डॉ. महंत ने इसके पहले उद्योगपति नवीन जिंदल के भाजपा प्रवेश पर विवादित बयान दिया. उन्होंने कहा कि रायगढ़ इलाके को जिंदल ने बर्बाद कर दिया. छत्तीसगढ़ की ऐसी-तैसी कर दी. ऐसे लोगों को जूता से मारना चाहिए. भूपेश भाई ऐसे लोगों को पार्टी में कभी नहीं लेना है.

## नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पीएम मोदी के खिलाफ दिए बयान पर दी सफाई

**कहा- गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया बयान**

**रायपुर।** प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के बाद चर्चा में बने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपनी सफाई पेश की है. उन्होंने कहा कि मेरी भावनाओं को गलतबयानी कर ओछी राजनीति की आड़ में मेरी छत्तीसगढ़िया छवि और शीर्ष नेताओं के साथ संबंधों को खराब करने का काम न करें।



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि संसदीय परंपरा का पूर्ण ज्ञान और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को नहीं समझने वाले गलत प्रचार कर रहे हैं. हिन्दी मुहावरा 'ठीकरा फोड़ना' का मतलब जिम्मेदारी वहन करना होता है, जिसे छत्तीसगढ़ी में 'मुड़ फोड़ना' ही कहा जाता है। उन्होंने कहा कि विशुद्ध छत्तीसगढ़िया वाक्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि मैं विशुद्ध रूप से छत्तीसगढ़िया संस्कृति में रचा-बसा हूं. छत्तीसगढ़ की भाषा-शैली का उपयोग करते समय बीच-बीच में निर्धारित प्रयोग लक्षणा-व्यंजना में आने वाले शब्दों के साथ बात करता हूं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ियों में एक प्रचलित वाक्य जैसे-लउठी धर के दउड़ा नज, मार न टूरा लाज जैसे कई वाक्य सहज रूप से उपयोग में लाए जाते हैं, लेकिन जो लोग छत्तीसगढ़ की रीति-नीति, भाषा संस्कृति को नहीं समझते हैं, ऐसे मीडिया प्रतिनिधियों के द्वारा गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। डॉ. महंत ने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री के पद और संसदीय परंपरा और गरिमा का पूरा ज्ञान है. मैं स्वयं 4 बार सांसद, 5 बार विधायक और स्पीकर के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष होने के नाते संवैधानिक गरिमा का भी ख्याल है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कईयों बार व्यक्तिगत मुलाकातें हुई है, और वे मुझे भी व्यक्तिगत तौर पर जानते हैं। डॉ. महंत ने मोदी के साथ की फोटो साझा करते हुए कहा कि जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे, और मैं भारत सरकार में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री था, तो उनके ही प्रदेश गुजरात के आणंद में आयोजित कार्यक्रम में काफी आत्मीयता से मुलाकात हुई. ऐसा व्यक्ति जो केवल भाजपा का नहीं, बल्कि हर दल के लिए प्रधानमंत्री हैं, उन पर गलत टिप्पणी तो करने का सवाल ही नहीं उठता।

## पीएम मोदी के खिलाफ महंत के विवादास्पद बयान पर नितिन नबीन का कड़ा जवाब

**कहा- प्रदेश की जनता नहीं करेगी बयान को बर्दाश्त, सिखाएगी कांग्रेस को सबक**



**रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादास्पद बयान पर भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने कड़ी टिप्पणी की है. उन्होंने कहा कि जनता अपने प्रिय प्रधानसेवक के लिए इस प्रकार ने बयान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी. कांग्रेस को सबक सिखाएगी। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने बुधवार को मीडिया से चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. चरणदास महंत के बयान पर कहा कि जनता माफ नहीं करेगी. इसका करारा जवाब देगी. उन्होंने कहा कि देश के प्रधानसेवक के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, देश और छत्तीसगढ़ की जनता को मंजूर नहीं है. उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपमानित करने का, उन्हे गालियां देने का कांग्रेस का पुराना इतिहास है. इतिहास इस बात का भी गवाह है कि कांग्रेस ने जितनी गालियां पीएम मोदी जी को दी है, जनता ने उसे गहना बनाया है. कांग्रेस को सबक सिखाया है. नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत का बयान हिंसक, भड़काऊ और उग्र होने के साथ देश की संवैधानिक मर्यादाओं को तोड़ने वाला भी है.

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



# नशे में धुत युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा

## 11 हजार केवी लाइन के खंभे पर चढ़कर बैठा, नीचे उतारने हलाकान होते रहे पुलिसकर्मी

**जगदलपुर।** जिले के भानपुरी में नशे में धुत एक युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला. युवक सुबह करीब 6 बजे 11,000 केवी लाइन के खंभे पर चढ़ गया. ग्रामीणों ने उसे उतारने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उतरा तो लोगों ने 112 को कॉल किया. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 की टीम ने भी बहुत कोशिश की नीचे उतारने की, लेकिन फिर भी युवक नहीं उतरा. इसके बाद खदान से 112 के जवान टिप्पर मंगवाए, जिसकी मदद से युवक को खंभे से नीचे उतारा गया. फिलहाल युवक सुरक्षित है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त यह युवक खंभे पर चढ़ा उस



समय उस लाइन में बिजली नहीं दौड़ रही थी. मंगलवार शाम 5 बजे से ही भानपुरी इलाके में ट्रांसफार्मर प्रॉब्लम की वजह से बिजली गुल थी. उसी वक्त यह युवक बिजली खंभे पर चढ़ गया. हालांकि युवक को नशे में होना बताया जा रहा है। जब युवक खंभे पर चढ़ा उस वक्त सीएसबीसी को सूचित किया गया ताकि बिजली चालू ना हो. इस ड्रामा के बीच जब युवक खंभे से नहीं उतरा तो टिप्पर को बुलाया गया, जिसके माध्यम से युवक को खंभे से नीचे उतारा गया. हालांकि पुलिस के पूछताछ पर युवक कुछ नहीं बता रहा है कि वह क्यों खंभे पर चढ़ा था.

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547